Title: Need to open a branch of State Bank of India at Banda Town in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर से सागर-कानपुर मार्ग को राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 घोाित किया गया है। सागर छतरपुर के इस मार्ग पर सागर से छतरपुर के बीच में बंडा बड़ा महत्वपूर्ण नगर है। यह व्यापार का प्रमुख केन्द्र है। यहां पर तहसील कोर्ट एवं महाविद्यालय भी है, किन्तु बंडा में मात्र एक सैण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ही है, जो कि बंडा की व्यापारिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा है। यहां के निवासियों को बैंक सम्बन्धी कार्यों के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बैंक में अत्यधिक भीड़ रहने के कारण कई बार व्यापारी लाइन में लगे रहते हैं व ड्राफ्ट नहीं बनवा पैंते हैं।

अतः बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने की दृटि से बंडा नगर में एक और राट्रीयकृत बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का शीघ्र ही शुभारंभ किया जाना चाहिए।